# घोषणा के बाद भी नहीं हुई तौल, किसानों में नाराजगी

**खास बातें**

- 6 दिनों में नेफेड नहीं खरीद पाई किसानों की फसल
- अधिकारी विकास शर्मा ने किसान सहित अधिकारियों के नहीं उठाये फोन
- सोमवार से शनिवार तक गेहूं के साथ चने की भी होगी खरीद



नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 अप्रैल,प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शुक्रवार देर शाम वीडियो संदेश के माध्यम से सोमवार से शनिवार तक उपार्जन केंद्रों पर तौल शुरू करने की घोषणा के बावजूद शनिवार को जिले के कई केंद्रों पर खरीद नहीं हो सकी. इससे किसानों में नाराजगी देखने को मिली.**

जिला कृषि अधिकारी केशव खपेड़िया ने बताया कि कुछ केंद्रों पर आदेश देर से पहुंचने के कारण तौल शुरू नहीं हो पाई.उन्होंने जानकारी दी कि शनिवार शाम हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अब सोमवार से शनिवार तक सभी केंद्रों पर गेहूं के साथ चने की भी नियमित तौल की जाएगी तथा चने में तेवड़ा मिक्स पर पिछले वर्षों की तरह 2 प्रतिशत का नेगोसियेशन किया जायेगा.इधर मिर्जापुर क्षेत्र स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में आम आदमी पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना भी चर्चा में रहा. धरना समाप्त कराने पहुंचे विधायक मुकेश टंडन के समक्ष किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं. एक किसान ने बताया कि उसकी चने से भरी ट्रॉली पिछले 6 दिनों से मंडी में खड़ी है, लेकिन अब तक तौल नहीं हुई, जबकि शासन द्वारा शनिवार को भी खरीद के निर्देश दिए गए हैं.

जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मंडी में चने की खरीदी भारत सरकार के उपक्रम नेफेड के माध्यम से की जा रही है.उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी विकास शर्मा से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.वहीं किसानों ने भी आरोप लगाया कि नेफेड के अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई.

### विधायक को दिया आश्वासन नहीं की तौल

किसान की परेशानी देखकर विधायक मुकेश टंडन ने जिले के अधिकारियों से फोन पर चर्चा की तथा उन्हें 6 दिन से मंडी प्रांगण में खरीदी में किसान की परेशानी का हवाला देते हुए शनिवार को ही तौल करने को कहा जिस पर अधिकारियों ने विधायक को तो आश्वासन दे दिया लेकिन चने की तौल नहीं की.

### एक सप्ताह से मंडी में खड़े किसानों में नाराजगी बरकरार

नेफेड के खरीद केंद्र पर 6 दिनों से खड़े किसानों की चने की फसल की तौल शनिवार को भी नहीं हो सकी. ग्राम आमखेड़ा कालू निवासी भैरों सिंह पुत्र जगन्नाथसिंह मीणा ने बताया कि सोमवार से उनकी चने की ट्राली कृषि उपज मंडी स्थित नेफेड के खरीदी केन्द्र पर खड़ी है. मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री के शनिवार को भी तौल किये जाने की घोषणा के बाद भी तौल नहीं हो रही है. नेफेड के अधिकारी विकास शर्मा को कई बार फोन लगे चुके हैं लेकिन वह फोन नहीं उठा रहे हैं.जिससे किसानों में नाराजगी बनी रही. किसानों का कहना है कि आश्वासन के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार नजर नहीं आया.विधायक टंडन ने मंडी सचिव, कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं सुचारू बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसानों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े.

# पार्षद प्रतिनिधि पर मारपीट का आरोप

- सफाई कर्मचारी के लेट पहुंचने पर कर दी पिटाई



नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 अप्रैल, शनिवार की सुबह नगर पालिका के सफाई कर्मचारी और उसके सहयोगी के साथ मारपीट का मामले सामने आया है. जहां पार्षद प्रतिनिधि पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने मामले में पार्षद प्रतिनिधि कमलेश उर्फ कम्मू अहिरवार पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया.**

फरियादी नरेंद्र शाक्य अपने साथी राहुल के साथ सुबह करीब 9.30 बजे खरीफाटक पर कचरा कलेक्ट करने के लिए पहुंचा था. इसी दौरान कमलेश उर्फ कम्मू अहिरवार जो कि पार्षद प्रतिनिधि हैं के घर पास कचरा लेने के लिए पहुंचा जहां पर कमलेश ने कहा कि कचरा वाहन इतनी देर से क्यों आया और इसी बात पर कमलेश ने मारपीट कर दी. इस दौरार कचरा वाहन में तोड़ फोड़ भी की गई जिससे वाहन का कांच टूट गया. जिसकी शिकायत करने के लिए नरेंद्र शाक्य और साथी राहूल कोतवाली में शिकायत करने के लिए पहुंचे जहां पर करीब 3 घंटे इंतजार के बाद पुलिस ने कमलेश पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया.

### राजीनामा कराने की भी हुई कोशिश

पार्षद प्रतिनिधि कमलेश पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए पहले जहां फरियादी पहुंचे जहां पर काफी इंतजार के बाद जब रिपोर्ट नहीं लिखी गई तो बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी और उनके नेता भी कोतवाली पहुंच गए. जिन्होंने कमलेश पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की. इसके बाद भी सुनवाई के आसार न दिखते हुए एसपी के पास जाने के मन बना लिया जहां इसी बीच दोनों पक्षों में राजीनामा कराने के लिए कुछ भाजपा नेता भी कोतवाली पहुंचे लेकिन उनके उनकी कोशिश कामयाब नहीं हो सकी आखिरकार पुलिस दोपहर करीब 2 बजे एफआईआर दर्ज कर ली गई.

## 114 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिलेंगे पुरस्कार व स्कॉलरशिप

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** ओलंपस हाई स्कूल द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्र के कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज आयोजित किया जाएगा. यह कार्यक्रम ओलंपस हाई विद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस रोहित काशवानी, पुलिस अधीक्षक, विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित करेंगे. स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह के लिए एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई के इंग्लिश मीडियम प्राइवेट स्कूलों के कुल 114 मेधावी छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है.सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को पुरस्कार के साथ-साथ स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी. कार्यक्रम में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे.

# शॉर्ट सर्किट से भड़की भीषण आग, फर्नीचर गोदाम और शोरूम जलकर खाक

**करीब 50 लाख का नुकसान, दमकल की देरी पर उठे सवाल**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, सांची रोड स्थित डंडापुरा इलाके में देवी के बाग मंदिर के पास शनिवार को शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने कुछ ही मिनटों में भीषण आग का रूप ले लिया. आग इतनी तेजी से फैली कि मंदिर के नजदीक स्थित एक फर्नीचर शोरूम और गोदाम इसकी चपेट में आ गए. घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 50 लाख रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें कुछ ही मिनटों में ऊंची उठने लगीं और आसपास का पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिसने पास में बने बड़े टीन शेड को अपनी चपेट में ले लिया. इस शेड में फर्नीचर, सोफा, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य घरेलू सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह जल गया.**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन करीब आधे घंटे की देरी से मौके पर पहुंचे. तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी. इतना ही नहीं, जब दमकल की गाड़ियां पहुंचीं तो उनमें पानी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं था, जिससे आग बुझाने में और अधिक समय लगा. करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. लोगों का कहना है कि यदि दमकल समय पर पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था. इस घटना ने शहर की अग्निशमन व्यवस्था और तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### मंदिर क्षेत्र में मची अफरा-तफरी, टला बड़ा हादसा

घटना के समय मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी था, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई. हालांकि समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. आग की वजह से आसपास की झाड़ियां, कचरा और कुछ अस्थायी ढांचे भी क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंच गया. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सहित अन्य अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया और मौके पर मौजूद भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया. तहसीलदार एवं नगर पालिका के कर्मचारी भी राहत कार्य में जुटे रहे. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। यह घटना एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है.



## किसानों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतलों की आंखों पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुलाबगंज द्वारा चक्क-खेजड़ा उपार्जन केंद्र (शानवी वेयरहाउस) पर किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुतलों की आंखों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया.प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मध्यम एवं बड़े किसानों की तुलाई शुरू न होने का मुद्दा उठाया. साथ ही चना और मसूर की स्लॉट बुकिंग में सैटेलाइट सत्यापन न होने का आरोप लगाया गया. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव दांगी ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण किसान लगातार परेशान हैं और खरीदी प्रक्रिया में अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं.प्रदर्शन में जसवंत सिंह दांगी, वीरेंद्र सिंह दांगी, राम दांगी, भूरा दांगी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

## खुशियों पर काल का साया, ट्राले की टक्कर से बारात की कार चकनाचूर, 2 की मौत

- पैराखेड़ी के पास दर्दनाक हादसा
- इंदौर के 2 युवकों ने गंवाई जान, 2 गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**कुरवाई. देवास से बीना के भीम वार्ड जा रही एक बारात शनिवार को भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई. ग्राम पैराखेड़ी के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्राले ने बारातियों की कार को जोरदार टक्कर मार दी. इस हृदयविदारक दुर्घटना में इंदौर निवासी दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.**

मृतकों की पहचान अमित आमकरे (पिता रघुवीर आमकरे) और महिम दरबार, निवासी इंदौर के रूप में हुई है. अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया.वहीं हादसे में अशोक भिंडिया और प्रतीष भेडिया गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है. कार में सवार देवराज नामक युवक को भी चोटें आई हैं.घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया. कार्यपालन मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार देवदीप सिंह के अनुसार, एसडीएम मनीष कुमार जैन और एसडीओपी रोशनी सिंह सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तत्काल मौके और अस्पताल पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया.घायलों को तुरंत कुरवाई अस्पताल लाया गया, जहां से एक गंभीर घायल को बीना रिफाइनरी अस्पताल रेफर किया गया. डॉ. दिलीप नागर और डॉ. कुलदीप ठाकुर की टीम ने घायलों का उपचार शुरू किया.हादसे के बाद बारात के साथ चल रही अन्य गाड़ियों से पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. अस्पताल परिसर में अपनों को खून से लथपथ और मृत अवस्था में देख चीख-पुकार मच गई, जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया.

## करंट लगने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरेज में एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत होने की जानकारी मिली है.जानकारी के अनुसार ग्राम बरेज क्षेत्र में बबलू खान नामक युवक अपने खेत में अचानक करंट की चपेट में आ गये.घटना के बाद परिजन उन्हें तुरंत शासकीय अस्पताल सिरोंज लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. इसके बाद मृतक का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया. तथा शव परिजनों को सौंप दिया गया. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है. वे एक मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते थे. उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया. जहां उनके जनाजे में बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतकों ने शामिल होकर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी.

## कुरवाई नगर परिषद में प्रशासनिक मर्यादा तार-तार, नियमों को बनाया बंधक

- जांच के घेरे में अध्यक्ष, फिर भी उनकी पसंद से हुई नियुक्ति
- प्रोबेशन अधिकारी को सीएमओ का प्रभार
- अमृत 2 .0 में अनियमितताओं के आरोप





नवभारत न्यूज

**कुरवाई. मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत भोपाल संभाग में 'अस्थाई व्यवस्था' के नाम पर नियमों को दरकिनार किए जाने का मामला सामने आया है. विदिशा जिले की नगर परिषद कुरवाई में प्रशासनिक निर्णयों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. आरोप है कि सत्ता और प्रभाव के चलते वैधानिक प्रक्रिया की अनदेखी कर दागी चेहरों को जिम्मेदार पदों पर बैठाया जा रहा है.**

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि नगर परिषद कुरवाई की अध्यक्ष आयशा हसरुद्दीन खान स्वयं विभागीय जांच का सामना कर रही हैं. इसके बावजूद उनकी अनुशंसा पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई. इस निर्णय ने नियुक्ति प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

विभागीय आदेशों के अनुसार राजस्व उप निरीक्षक राजेश कांकर, जो अभी परिवीक्षा अवधि में हैं, उन्हें मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद का प्रभार सौंप दिया गया. स्थापित नियमों के तहत प्रोबेशन अवधि में किसी कर्मचारी को स्वतंत्र प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं दी जाती. जानकारी के अनुसार 17 जून 2025 को उनका स्थानांतरण रायसेन से विदिशा हुआ और 20 जनवरी 2026 के आदेश के बाद महज 10 दिन में 2 फरवरी 2026 को उन्हें कुरवाई का प्रभार दे दिया गया. इस त्वरित प्रक्रिया पर विभाग की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं.

### स्थापना शाखा में भी नियम विरुद्ध नियुक्ति

प्रभारी अधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद लिए गए फैसले भी विवादों में हैं. आरोप है कि हर्षित एलिया नामक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को स्थापना शाखा प्रभारी बना दिया गया, जबकि यह शाखा अत्यंत संवेदनशील मानी जाती है. नियमों के अनुसार इस तरह के पद पर केवल नियमित और अनुभवी कर्मचारी की नियुक्ति की जा सकती है.केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों में भी गड़बड़ियों के आरोप सामने आए हैं. बताया जा रहा है कि स्वीकृत प्राक्कलन के विपरीत निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है. आरोप यह भी है कि विकास कार्यों की आड़ में कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

### जनता के सवाल और कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस अधिकारी को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, उसी पद पर विवादित तरीके से नियुक्ति कर दी गई है. इससे पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है. नागरिकों ने प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि अवैध नियुक्तियों को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.


विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.


**प्रदर्शन** | **माधवगंज चौराहे पर एक दिवसीय प्रदर्शन, 2-3 दिन में समाधान नहीं हुआ तो भोपाल कूच का ऐलान**

# किसान कांग्रेस की भूख हड़ताल, समस्याओं के समाधान को लेकर चेतावनी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के तत्वावधान में माधवगंज चौराहे पर एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनीत सिंह दांगी ने कहा कि आजादी के बाद किसानों की स्थिति सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें और हरित क्रांति जैसे प्रयास शामिल हैं. उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने ऋण माफी, समर्थन मूल्य में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे कई फैसले लिए.

उन्होंने वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि किसानों को सैटेलाइट सर्वे के नाम पर स्लॉट बुकिंग में परेशानी, मध्यम एवं बड़े किसानों का पंजीयन बंद होना, खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाएं और प्रति क्विंटल 400 से 600 रुपए तक की कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.विनीत सिंह दांगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 2 से 3 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो सैकड़ों किसानों के साथ भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा की जाएगी.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान विरोधी नीतियों पर काम कर रही है और खरीदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार व्याप्त है. वरिष्ठ नेता सुभाष बोहत ने कहा कि किसानों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जबकि सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है.गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को तत्काल खरीदी व्यवस्था में सुधार करना चाहिए.कार्यक्रम का संचालन आशीष महेश्वरी ने किया. इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सीमा अहिरवार, दीक्षा लोधी, विनीता सहरिया, विद्या यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण अवस्थी, वैभव भरद्वाज, नगर अध्यक्ष राजकुमार कुशवाह सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया.कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री पंकज जैन, जिला निर्वाचन प्रभारी अंकुर गुप्ता, असलम पटेल, नवीन शर्मा, आयुष शर्मा, राजकुमार शर्मा, रामराज दांगी, विक्की शर्मा, चंद्रभान दांगी, मोहन लोधी, रणधीर सिंह, शेर सिंह राजपूत, मुआज कामिल, गोविंद चौबे, सचिन ठाकुर, अरुण शर्मा, सुमित पाल, बाबू पाल, आयुष जैन, गोलू शर्मा, शैलेन्द्र जाटव, जगदीश धाकड़ सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे.

### प्रमुख मांगें.....

मध्यम एवं बड़े किसानों की खरीदी तत्काल शुरू की जाए.सैटेलाइट सर्वे के कारण स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाए.खरीदी केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर किया जाए.किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए.अंत में सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा.

## लायंस क्लब विदिशा वसुंधरा की पहल,पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- लायंस इंटरनेशनल सर्विस वीक में पर्यावरण विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित





नवभारत न्यूज

**विदिशा. लायंस इंटरनेशनल ग्लोबल सर्विस वीक के अंतर्गत लायंस क्लब विदिशा वसुंधरा द्वारा स्थानीय विद्या इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण और मानव जीवन विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.**

प्रतियोगिता में 8 से 13 वर्ष आयु वर्ग के 38 बच्चों ने भाग लिया और अपने बाल मन के भावों को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया. बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न संदेशों को आकर्षक चित्रों के जरिए उकेरा.लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 त्न2 के एनवायरनमेंट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजेश जैन प्रीत ने बताया कि इस सेवा सप्ताह का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

प्रतियोगिता में अनीशा वर्मा ने प्रथम, युमना अली ने द्वितीय और वर्णिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं भव्य नागपुरे, पियूष किरार, तबस्सुम खान, अव्यांश पाण्डेय और नंदनी धाकड़ को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए.कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को कपड़े के थैले वितरित कर पॉलीथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई. साथ ही बच्चों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया.लायंस क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष केतन अग्रवाल ने स्कूल के डायरेक्टर अभिनय वर्मा एवं अंजलि श्रीवास्तव को पौधों के संरक्षण हेतु जीवामृत भेंट किया. इसके अलावा पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरों में पानी भरवाकर उन्हें विभिन्न स्थानों पर रखा गया.कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजेश जैन प्रीत, चार्टर अध्यक्ष अमिता जैन, प्रथम उपाध्यक्ष केतन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ जैन एवं एनवायरनमेंट कोऑर्डिनेटर पायल अग्रवाल सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा.